आईपीएल में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे ऋषभ पंत

संजू सैमसन और ईशान किशन के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए टीम में वापसी करने के लिए पंत को खास प्रदर्शन करना होगा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत की टी20 टीम में वापसी करने की कवायद में लगे ऋषभ पंत 28 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान के रूप में पंत के लिए यह सत्र निर्णायक साबित हो सकता है। उनके लिए काफी कुछ दांव पर लगा है क्योंकि फ्रेंचाइजी ने 2025 की मेगा नीलामी में उन्हें रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा था।

पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अगर पंत इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह भविष्य में भारत की टी20 योजनाओं का हिस्सा बन सकते हैं। पंत खेल के तीनों प्रारूप में से केवल भारतीय टेस्ट टीम के ही अभिन्न सदस्य हैं जबकि वनडे में वह केएल राहुल के बैकअप विकेटकीपर हैं। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने 2024 में भारत की विश्व कप जीत के बाद टी20 टीम में अपनी जगह गंवा दी थी। संजू सैमसन और ईशान किशन के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए टीम में वापसी करने के लिए उन्हें कुछ खास प्रदर्शन करना होगा, क्योंकि इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से टीम में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है।

इसलिए पंत के लिए आईपीएल का आगामी सत्र काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें वह अपनी कीमत को जायज ठहराने के अलावा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की भी कोशिश करेंगे।

पंत ने पिछले सत्र में अधिकतर समय चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की थी लेकिन तब वह आखिर के कुछ मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। उस समय तक हालांकि लखनऊ की वापसी की संभावना समाप्त हो गई थी।

⇨ लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2025 की मेगा नीलामी में पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा था

पंत के तीसरे नंबर पर उतरने का मतलब होगा कि निकोलस पूरन को बल्लेबाजी क्रम में नीचे आना पड़ेगा। एलएसजी की टीम अभी लखनऊ में अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास कर रही है। उसका पहला मैच एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होगा।

मुख्य कोच जस्टिन लैंगर और उनके सहयोगी स्टाफ अपने कप्तान के बल्लेबाजी क्रम को लेकर एकमत हैं।

आईपीएल सूत्रों के अनुसार, 'टीम प्रबंधन और पंत दोनों इस बात से सहमत हैं कि उनके लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना उपयुक्त होगा। इस साल उनके शीर्ष क्रम में एडन मार्क्रम, मिचेल मार्श और पंत शामिल होंगे।'

पंत ने पिछले साल 133.17 के निराशाजनक स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और उन्होंने केवल 269 रन बनाए जिसमें नाबाद 118 रन की एक पारी भी शामिल है। लखनऊ की टीम के मध्य क्रम में पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद और शाहबाज अहमद शामिल हैं।

पिछले सत्र में लखनऊ की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी गेंदबाजी रही थी क्योंकि मयंक यादव और मोहसिन खान जैसे तेज गेंदबाज चोटों के कारण उपलब्ध नहीं थे। अन्य तेज गेंदबाजी विकल्पों में आवेश खान और एनरिच नार्किया शामिल थे।

सूत्र ने कहा, 'लखनऊ की बल्लेबाजी अच्छी है और गेंदबाजी पिछले साल की तुलना में काफी बेहतर दिख रही है, लेकिन अभी भी संयोजन तय करने बाकी हैं। मयंक फिट हैं, लेकिन उन्हें नेट पर और अधिक गेंदबाजी करने की जरूरत है। उम्मीद है कि वह टीम की उम्मीद पर खरा उतरेंगे।' दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी का मानना है कि आईपीएल के इस सत्र में ऋषभ पंत पर सर्वाधिक दबाव रहेगा।

उन्होंने जिओ स्टार से कहा, 'मुझे लगता है कि आईपीएल के इस सत्र में ऋषभ पंत पर संभवतः सबसे अधिक दबाव रहेगा। कुछ खिलाड़ी कीमत के दबाव में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, जबकि कुछ नहीं कर पाते। मुझे लगता है कि पिछला सत्र उनके लिए काफी मुश्किल रहा। टीम संघर्ष कर रही थी और एक बल्लेबाज के रूप में उन्हें भी संघर्ष करना पड़ा था।'

विदेशी खिलाड़ियों की चोट और अनुपस्थिति से कुछ आईपीएल टीमों के समीकरण गड़बड़ाए

केवल चोट की वजह से कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम सबसे ज्यादा प्रभावित हुई

एजेंसी

नई दिल्ली। कुछ प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों के चोटिल होने या देर से टीम में शामिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र में कुछ टीमों के समीकरण गड़बड़ा गए हैं। कुछ प्रमुख विदेशी खिलाड़ी चोटिल होने के कारण पहले ही पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं जबकि कुछ खिलाड़ी विभिन्न कारणों से टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

अगर केवल चोट की बात करें तो कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है। उसके भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आकाशदीप चोटिल होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं जबकि श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीसा पथिराना भी पिंडली में लगी चोट के कारण केकेआर के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे। सनराइजर्स हैदराबाद को भी शुरू के कुछ मैच में अपने नियमित कप्तान पैट कमिंस के बिना मैदान पर उतरना होगा जो पीठ में खिंचाव की समस्या से उबर रहे हैं। कमिंस की अनुपस्थिति में ईशान किशन सनराइजर्स की अगुवाई करेंगे। सनराइजर्स के एक अन्य ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स पैर में चोट लगने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड भी चोटिल होने के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से शुरू के कुछ मैच में नहीं खेल पाएंगे। चेन्नई सुपर किंग्स को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नाथन एलिस की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी क्योंकि वह हैमस्ट्रिंग की चोट के और बढ़ जाने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के प्रमुख गेंदबाज मिचेल स्टार्क का भी शुरू के कुछ मैचों में खेलना संदिग्ध है क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया आगामी व्यस्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर को देखते हुए उनके कार्यभार पर नजर रख रहा है।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन भी पंजाब किंग्स की तरफ से शुरुआती दौर के मैचों में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह अपने परिवार और नवजात बेटे के साथ कुछ समय बिताना चाहते हैं।

स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला बराबर की

एजेंसी

वेलिंगटन। कॉनर एस्टरहुइज़न के करियर के पहले अर्धशतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 19 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर कर ली।

एस्टरहुइज़न ने 33 गेंदों में अपना पहला अर्धशतक बनाया और वह आखिर में 57 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी ने दोनों टीमों के बीच निर्णायक अंतर पैदा किया क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 164 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 18.5 ओवर में 145 रन पर आउट हो गई।

न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में दो विकेट पर 63 रन बनाए थे जिसमें टिम रॉबिंसन के 22 गेंद पर बनाए गए 32 रन शामिल हैं। लेकिन इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों ने शिकंजा कस दिया। उसकी तरफ से प्रेनेलन सुब्रायन ने अपने पहले मैच में 13 रन देकर दो जबकि केशव महाराज ने 22 रन देकर दो विकेट लिए। लगभग तीन साल बाद न्यूजीलैंड की टीम में वापसी करने वाले डेन क्लीवर ने 16 गेंदों में 26 रन बनाकर अपनी टीम की उम्मीद बरकरार रखी लेकिन उनके आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित हो गई।

न्यूजीलैंड के कप्तान जिमी नीशम ने कहा, ''मुझे लगता है कि 165 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। मुझे नहीं लगता कि यह बहुत बड़ा लक्ष्य था। हमारे कुछ खिलाड़ी अनुभवहीन है जिसका हमें नुकसान हुआ।'' न्यूजीलैंड की पहले से ही कमजोर टीम टॉम लैथम के चोटिल होने और श्रृंखला के आखिरी दो मैचों के लिए डेवोन कॉनवे, मिचेल सेंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन के बाहर होने से और कमजोर पड़ गई।

इससे पहले एस्टरहुइज़ेन ने दक्षिण अफ्रीका को तब संभाला जब उसने अपनी पारी की दूसरी ही गेंद पर वियान मुल्डर का विकेट खो दिया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने तीसरे ओवर में एक छक्का और एक चौका, तथा चौथे ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया। इसके बाद उन्होंने पांचवें ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाकर 17 रन बनाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका पावर प्ले में एक विकेट पर 50 रन बनाने में सफल रहा।

टोनी डी ज़ोर्ज़ी (23) ने एस्टरहुइज़न के साथ दूसरे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की। रुबिन हरमन (26) और डियान फॉरेस्टर (19) ने चौथे विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी की। इनके अलावा जेसन स्मिथ ने 15 गेंदों में 19 रन और जॉर्ज लिंडे ने आठ गेंदों में 14 रन बनाए।

26 मार्च से दर्शकों के बिना होगा पीएसएल: मोहसिन नकवी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को कहा कि ईरान-अमेरिका - इस्राइल युद्ध के कारण क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पाकिस्तान सुपर लीग का पहला चरण दर्शकों के बिना होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा कि पीएसएल का यह सत्र कराची और लाहौर में ही खेला जायेगा। उन्होंने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'पीएसएल अंतरराष्ट्रीय ब्रांड और हमारा गौरव है। यह लीग 26 मार्च से ही होगी लेकिन दर्शकों को अनुमति नहीं रहेगी।' पीएसएल के सीईओ सलमान नसीर ने पाकिस्तान में पीएसएल के आयोजन को लेकर किसी तरह की सुरक्षा आशंकाओं को खारिज किया। नकवी ने कहा, 'क्षेत्र के हालात को देखते हुए मितव्ययिता की दृष्टि से यह कदम उठाया गया है। विदेशी खिलाड़ी आज रात से यहां पहुंच रहे हैं।' नकवी ने यह भी कहा कि पीसीबी का कानूनी विभाग उन क्रिकेटरों के मामले देख रहा है जिन्होंने आईपीएल खेलने के लिये पीएसएल अनुबंध रद्द किये।

राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा पदक तालिका में शीर्ष पर

एजेंसी

भुवनेश्वर। हरियाणा ने 17 से 21 मार्च तक यहां आयोजित 24वीं राष्टीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 95 पदक जीतकर तालिका में पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा ने 39 स्वर्ण, 31 रजत और 25 कांस्य पदक जीते। तमिलनाडु कुल 51 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा जिसमें 14 स्वर्ण, 20 रजत और 17 कांस्य पदक शामिल थे। गुजरात ने 14 स्वर्ण, 11 रजत और पांच कांस्य से 30 पदक जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया।

मेजबान राज्य ओडिशा कुल 17 पदकों के साथ नौवें स्थान पर रहा जिसमें पांच स्वर्ण पदक शामिल थे। इस प्रतियोगिता में 28 राज्यों के साथ सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और सेना खेल नियंत्रण कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) की टीमों का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल 1,460 पैरा एथलीटों ने हिस्सा लिया। पुरुषों की चक्का फेंक एफ11 स्पर्धा में हरियाणा के मोनू घांगस ने 35.05 मी के थ्रो से स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने राजस्थान के प्रवीण शर्मा (33.69) और आंध्र प्रदेश के नीलम संजय रेड्डी (31.34) को पीछे छोड़ा।

पुरुषों की चक्का फेंक एफ51-एफ52-एफ53 स्पर्धा में, उत्तर प्रदेश के राम रतन सिंह ने 11.98मी की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता; उनके बाद हरियाणा के प्रणव सूरमा (10.97मी) और धरमबीर (9.61मी) रहे। महिलाओं की लंबी कूद टी11-टी12 स्पर्धा में गुजरात की दामोर तेजलबेन अमराजी ने 4.95 मी की कूद के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि ओडिशा की जानकी ओराम और दिल्ली की शिवानी त्यागी ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

ऑस्ट्रेलिया ने 2026-27 के लिए कार्यक्रम जारी किया, भारत के खिलाफ खेलेगा पांच टेस्ट

जगमार्ग न्यूज

मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को अपना 2026-27 का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर जारी किया, जिसमें उसका कार्यक्रम काफी व्यस्त है और इसलिए उसे जनवरी से मार्च तक भारत में होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला की प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले तैयारी के लिए बहुत कम समय मिलेगा। अगले साल भारत के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला पैट कमिंस की उम्रदराज टीम के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। उसको इसके लिए तैयारी का बहुत कम समय मिलेगा क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को दिसंबर और मार्च के बीच 14 सप्ताह के अंदर 10 टेस्ट मैच खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया अपने घरेलू सत्र की शुरुआत अगस्त 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच से करेगा और इसका समापन मार्च 2027 में एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर खेले जाने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच से होगा। ऑस्ट्रेलिया की इस व्यस्त कार्यक्रम में भारत के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में असली परीक्षा होगी।

डुप्लांटिस ने लगातार चौथी बार विश्व इंडोर पोल वॉल्ट खिताब जीता

टोरुन (पोलैंड)। आर्मंड डुप्लांटिस ने यूनान के एम्मानौइल करालिस से कड़ी टक्कर मिलने के बावजूद अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए पोल वॉल्ट में एक और विश्व खिताब जीता। डुप्लांटिस ने 6.25 मीटर की कूद लगाकर लगातार चौथी बार विश्व इंडोर चैंपियनशिप जीती, जो कि एक साल पहले नानजिंग में उनके पिछले रिकॉर्ड से 10 सेंटीमीटर अधिक है। इन दोनों के अलावा अन्य खिलाड़ी 6.05 मीटर तक ही पहुंच पाए।

केन ने फिर गोल किया, बायर्न बुंडेसलीगा खिताब के और करीब पहुंचा

बर्लिन। इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने एक बार फिर गोल किया जिससे बायर्न म्यूनिख ने यूनियन बर्लिन को 4-0 से हराकर 14 वर्षों में अपना 13वां बुंडेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया। केन ने हाफ टाइम के बाद जर्मनी की इस लीग के वर्तमान सत्र में अपना 31वां गोल दागा। अभी इस लीग में सात दौर का खेल होना बाकी है और ऐसे में केन के पास रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के एक सत्र में सर्वाधिक 41 गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। बायर्न की तरफ से सर्गे ग्नाब्री ने दो गोल किए और माइकल ओलिस ने भी एक गोल दागा। इस तरह से उसके इस सत्र में 97 गोल हो गए हैं और वह 1971-72 में बनाए गए 101 गोल के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गया है। बायर्न के इस जीत से 27 मैच में 70 अंक हो गए हैं और वह दूसरे नंबर पर काबिज डॉर्टमंड से नौ अंक आगे हो गया है।

कैसा रहेगा आज आपका दिन

डॉक्टर मिश्रा, अध्यक्षः हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन, पिपली (कुरुक्षेत्र)

23-3-2026, सोमवार, विक्रमी संवत 2083, चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, कृतिका नक्षत्र, चंद्रमा वृष राशि में, राहु कालः प्रातः 7:30 से 9:00 बजे तक।

मेषः विशेष पारिवारिक सदस्यों का आदर कीजियेगा। व्यापार में नई योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकता है। श्री हनुमान चालीसा का पाठ स्वास्थ्य हेतु कीजिए।

वृषः आज दूसरों की मदद मिलेगी। भगवान शिव के मंत्र का जाप और रुद्राभिषेक करें। व्यवसाय में उन्नति के योग बनने से लाभ की आशा प्रबल होगी।

मिथुनः आज व्यापार में निर्णय सोच-समझकर लें। आपका आर्थिक निवेश लाभदायक रहेगा। पेड़ पौधों को लगाए और पानी दीजियेगा।

कर्कः आज आप राजकीय कार्यों में सफलता हेतु ईश्वरीय ध्यान करें। अपनी मां के चरण स्पर्श कीजिये। यदि वाणी पर संयम रखा तो परिवार में सुख शांति रहेगी।

सिंहः आज वस्तुओं को संभालकर रखना आवश्यक है। आपका पारिवारिक जीवन सुखी रहेगा। भगवान सूर्य को प्रणाम करें और जल तांबे की लुटिया से देवें।

कन्याः गृहस्थ जीवन शांतिमय रहेगा। निजी व्यवसाय में उन्नति होगी। भगवान की आरती सुबह और शाम कीजिए जिससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा होगा।

तुलाः आज आपको संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे। संयम और विवेक पूर्ण ही निर्णय लीजिए। गौशाला में गौ सेवा कीजियेगा।

वृश्चिकः सोच-समझकर निर्णय लेने से लाभ होगा। पक्षियों को पानी और खाने की वस्तुओं को दे ताकि दैवी कृपा से निराशा के वातावरण से बाहर होंगे।

धनुः व्यापारिक कार्य से यात्रा करना लाभकारी रहेगा। अपने गुरु और भगवान की आरती करें और प्रसाद लगाएं। परिवार सहित श्रद्धा पूर्वक प्रसाद ग्रहण करें।

मकरः व्यवसाय में नए अनुबंध लाभकारी होंगे। विशेष शुभ अवसर का लाभ प्राप्त करना आपके हाथ में है। विशेष भगवान का नाम जप और कीर्तन कीजियेगा।

कुम्भः आज आपको निजी संबंधों से सुख मिलेगा। गायों को हरा घास खिलाएं जिससे व्यवसाय लाभदायक हो और भगवान् की कृपा मिलेगी।

मीनः आज श्रेष्ठ कर्म करें ताकि जिसका लाभ भविष्य में आपको उचित मिलें। आपके कार्य ईश्वरीय कृपा से शीघ्र ही पूरे होंगे। अच्छे वातावरण हेतु पेड़ पौधे लगाए।

कुरेन के विकल्प के तौर पर राजस्थान रॉयल्स से जुड़ेंगे शनाका

नई दिल्ली। पाकिस्तान सुपर लीग को एक और करारा झटका लगा जब श्रीलंका के कप्तान और हरफनमौला दासुन शनाका ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में चोटिल सैम कुरेन की जगह राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने का फैसला किया।

अस्वीकरण सूचना

पाठकों को इस प्रकाशन में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले उपयुक्त पूछताछ करने और उचित परामर्श लेने की सलाह दी जाती है। जगमार्ग विज्ञापनदाताओं के उत्पादों और सेवाओं को लेकर किए गए दावों की जिम्मेदारी नहीं लेता है। अगर विज्ञापनदाता ऐसे दावों का सम्मान नहीं करते हैं तो जगमार्ग प्रकाशन समूह को किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकेगा।

ग्राम पंचायत पट्टी कसेरला खंड थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव पट्टी कसेरला में एससी चौपाल की कंडम बिल्डिंग के मलबे की खुली बोली दिनांक 27-03-2026 को सुबह 11.30 बजे पंचायत घर पट्टी कसेरला में होगी। बोली के बाकी के नियम व शर्ते मौके पर बताई जायेंगी।

सरपंच, ग्राम पंचायत पट्टी कसेरला
खंड थानेसर, कुरुक्षेत्र

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालय : रोसबं एससीओ 62-63 तीसरी मंजिल, बैंक स्क्वायर सेक्टर-17-बी, चंडीगढ़-160017

ई-नीलामी सूचना बिक्री सूचना

SCAN HERE For detailed terms & conditions

परिशिष्ट-II A अचल संपत्ति के लिए नियम 6(2) सहित]
चल/अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और 8(6) के परंतुक के साथ पठित ।

इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता, बंधककर्ता और गारंटर को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिस पर कब्जा कर लिया गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी, सुरक्षित ऋणदाता को नीचे उल्लिखित बकाए की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। हिसाब किताब। उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर/प्रतिभूत संपत्ति/बकाया/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी तिथि और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे उल्लिखित है :-

	उधारकर्ता(ओं)/ गारंटर (ओं)/ बंधककर्ता (ओं)/ का नाम और पता	ज्ञात बाधाओं, यदि कोई हो, सहित अचल संपत्ति का विवरण	कुल बकाया (15.01.2025) के अनुसार	ई-नीलामी की तिथि व समय	आरक्षित कीमत / ईएमडी / बढ़ाई गई बोली की राशि	कब्जे की स्थिति (रचनात्मक/भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तारीख और समय
1	उधारकर्ता (ओं):-(1) मैसर्स नागपाल प्रोप. श्री डिंपल कुमार पुत्र कृष्ण लाल, दुकान नंबर 3-4, नजदीक विश्वकर्मा मंदिर, इंद्रा नगर, जगाधरी, जिला यमुनानगर - 135001 (2) श्री डिंपल कुमार पुत्र श्री कृष्ण लाल, मकान नंबर 2290, वार्ड नंबर 18, विश्वकर्मा कॉलोनी, जगाधरी, जारोड़ा, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर - 135003. गारंटर(ओं) - श्रीमती संतोष कुमारी पत्नी श्री कृष्ण लाल, निवासी मकान नंबर 2290, वार्ड नंबर 18, विश्वकर्मा कॉलोनी, जगाधरी, जारोड़ा, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर - 135003	आवासीय-सह-व्यावसायिक संपत्ति का समतुल्य बंधक, जिसका पुराना पीआईडी नंबर 97सी214यू32 और नया पीआईडी नंबर 1के2पीएनजीपी4 है और क्षेत्रफल 191.11 वर्ग गज है, जो खसरा संख्या 74/45 में स्थित है, मौजा जगाधरी मौसुमा भगतपुरा, पटरी मोहल्ला जगाधरी, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर में स्थित है। यह संपत्ति विक्रय विलेख संख्या 1813 दिनांक 29.06.2007 द्वारा विधिवत पंजीकृत है और जगाधरी उप-पंजीयक कार्यालय में दर्ज है। संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं:- उत्तर: 40' रास्ता 10' चौड़ा; दक्षिण: 40' अन्य का मकान; पूर्व: 43' श्री महेश कुमार का मकान; पश्चिम: 43' रास्ता। बैंकनेट संपत्ति आईडी:- BARB6045202500006.	रु. 32,83,109.06 + अप्रयुक्त ब्याज + अनारक्षित ब्याज + कानूनी/अन्य शुल्क-यदि कोई वसूली हुई हो तो	22.04.2026 सुबह 11:00 से सायं 03:00 बजे	रुपये 47,00,000/- / रुपये 4,70,000/- / रुपये 10,000/-	बैंक का भौतिक कब्जा	05.04.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक (केवल पूर्व अपॉइंटमेंट के साथ)
2	उधारकर्ता (ओं):-मैसर्स सतगुरु स्वीट हाउस, प्रोप. श्री अमित कुमार कश्यप पुत्र श्री ओम प्रकाश कश्यप, जिनका व्यवसाय स्थल प्लॉट नंबर 128, शिव कॉलोनी, गांव व डाक. छछरौली, जिला यमुनानगर है। उधारकर्ता(ओं) और बंधककर्ता (ओं)- श्री अमित कुमार कश्यप पुत्र श्री ओम प्रकाश कश्यप, मकान नंबर 6/32, राजन गली, छछरौली, यमुनानगर।	श्री अमित कुमार कश्यप पुत्र श्री ओम प्रकाश कश्यप के नाम पर मोहल्ला राजन, तहसील छछरौली, जिला यमुना नगर में स्थित आवासीय मकान संख्या 6/32/2-सी एस है, जिसका स्वामित्व पंजीकृत हस्तांतरण विलेख संख्या 771 दिनांक 10.06.2015 के अंतर्गत है। क्षेत्रफल 281 वर्ग गज है और इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं:- उत्तर: 11'-3' (गली); दक्षिण: 32'-6' (सरकारी विद्यालय); पूर्व: 77'-4' (प्रमोद कुमार का मकान); पश्चिम: 39'-10' और 35'-3' (प्रदीप बख्शी की संपत्ति)। बैंकनेट प्रॉपर्टी आईडी- BARB6045202400012	31.05.2017 को रु. 40,68,417/- + अप्रयुक्त ब्याज + अनारक्षित ब्याज + कानूनी/अन्य शुल्क 01.06.2017 से प्रभावी (कम वसूली, यदि कोई हो)	22.04.2026 सुबह 11:00 से सायं 03:00 बजे	रुपये 28,00,000/- / रुपये 2,80,000/- / रुपये 10,000/-	बैंक का भौतिक कब्जा	05.04.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक (केवल पूर्व अपॉइंटमेंट के साथ)
3	उधारकर्ता (ओं):- (1) मैसर्स आरआर इंडस्ट्रीज, मालिक - श्री राहुल गुप्ता, जिनका पंजीकृत कार्यालय मुखर्जी पार्क, काली माता मंदिर के पास, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा - 135003 है। (2) श्री राहुल गुप्ता पुत्र श्री राजीव गुप्ता, निवासी मकान नंबर 1524, वार्ड नंबर 6, काली माता मंदिर के पास, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा - 135003. गारंटर (ओं): - श्री रिक्सपाल सिंह पुत्र श्री विक्रम सिंह, निवासी मकान नंबर 1222/13, गंगा नगर कालोनी, काली माता मंदिर के पास, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा - 135003	संपत्ति आईडी संख्या 70सी68यू288 वाली भूमि और भवन, जिसका क्षेत्रफल 786.50 वर्ग गज यानी 01के-06एम है, जो खेवट संख्या 1436//1334, खतौनी संख्या 1713, खसरा संख्या 26//28 में शामिल 46के-08एम भूमि में से 13/464 हिस्सा है, जो मौजा जगाधरी एच.बी. संख्या 400, मोसुम्मा अमर विहार कॉलोनी, ओल्ड छछरौली रोड, जगाधरी, जिला यमुना नगर में स्थित है, जो कि श्री राहुल गुप्ता पुत्र राजीव गुप्ता के नाम पर पंजीकृत विमोचन विलेख संख्या 889 दिनांक 09.05.2014 के तहत उत्परिवर्तन संख्या 18061 और वर्ष 2009-2010 की जमाबंदी के साथ पढा गया। जिसकी सीमाएँ निम्नानुसार हैं:- उत्तर: 131' श्रीमती निर्जीत कौर की संपत्ति; दक्षिण: 66'+5' राजीव गुप्ता की संपत्ति; पूर्व: 65'+35' नीलकंठ स्कूल; पश्चिम: 44'+30' गली। बैंकनेट संपत्ति आईडी - BARB6045202400013	31.10.2019 को रु. 1,73,85,507.36 + अप्रयुक्त ब्याज + अनारक्षित ब्याज + कानूनी/अन्य शुल्क 01.11.2019 से प्रभावी (कम वसूली, यदि कोई हो)	22.04.2026 सुबह 11:00 से सायं 03:00 बजे	रुपये 72,00,000/- / रुपये 7,20,000/- / रुपये 10,000/-	बैंक का भौतिक कब्जा	05.04.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक (केवल पूर्व अपॉइंटमेंट के साथ)

संपर्क व्यक्ति का नाम और संपर्क नंबर: श्री हितेश सहगल, मुख्य प्रबंधक, मो.: 8558846401

ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: ई-नीलामी की तिथि और समय पर या उससे पहले

ई-नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय: 22.04.2026 सुबह 11:00 बजे से सायं 03:00 तक ई-कॉमर्स भुगतान का तरीका: ईएमडी: एनईएफटी/ई-पेमेंट गेटवे

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm और ऑनलाइन नीलामी पोर्टल https://Baanknet.com देखें।

क्रमांक 1 के लिए नियम एवं शर्तें- (ए) संपत्ति प्रतीकात्मक कब्जे में है और बोलीदाता इस प्रतीकात्मक कब्जे वाली संपत्ति को अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर खरीद रहा है। (बी) बैंक केवल प्रतीकात्मक रूप से संपत्ति का कब्जा सौंपेगा और सफल नीलामी बोलीदाता/खरीददार बैंक से भौतिक कब्जे का दावा नहीं कर सकता। (सी) बैंक भौतिक कब्जा सौंपने के लिए जिम्मेदार या बाध्य नहीं होगा। (डी) नीलामी में सफल खरीदार किसी भी स्थिति में धन वापसी पर ब्याज का दावा करने का हकदार नहीं होगा। (ई) नीलामी में सफल खरीदार को ई-नीलामी के तुरंत बाद उपरोक्त नियम एवं शर्तों की पुष्टि करते हुए घोषणा-सह-वचन प्रस्तुत करना होगा। (एफ) बिक्री के बाद यदि सफल बोलीदाता घोषणा-सह-वचन प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो बोली की ईएमडी राशि जब्त कर